## भारत और डोमिनिकन संबंध

**राजनीतिक संबंध :**

1. भारत और डोमिनिकन गणराज्य के बीच द्विपक्षीय संबंध मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण है तथा उन्हें सभी क्षेत्रों में विस्तारित किया जा रहा है। भारत तथा डोमिनिकन गणराज्य के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना मई 1999 में की हुई थी। नियमित रूप से कार्यालय परामर्श धारण करने के लिए मई 2001 में सैंटो डोमिंगो में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे।

2. सितम्बर 2014 में राज्य विदेश मंत्री श्री राव इंद्रजीत सिंह ने डोमिनिकन गणराज्य का दौरा किया। दौरे के दौरान, डोमिनिकन गणराज्य सरकार ने राजनयिक संबंधों के उन्नयन और नई दिल्ली में एक दूतावास खोलने के लिए अपने विचार की घोषणा की। डोमिनिकन गणराज्य के विदेश मंत्री श्री कार्लोस मोरालेस ट्रोनकोसो ने एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल जिसमे आई टी और निवेश, उच्च शिक्षा और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री, उप पर्यटन मंत्री तथा 12 व्यापार प्रतिनिधियों शामिल थे, के साथ फरवरी, 2006 में भारत का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली, आगरा, बंगलूरू, हैदराबाद तथा मुम्बई का दौरा किया। दौरे के तुरंत बाद, डोमिनिकन गणराज्य ने 01 मई, 2006 में भारत में अपना दूतावास खोला। 17 फरवरी, 2006 को दिल्ली में डोमिनिकन गणराज्य के विदेश मंत्री तथा राज्य मंत्री श्री आनंद शर्मा ने द्विपक्षीय सहयोग के समझौते पर हस्ताक्षर किए। राज्य मंत्री (श्री आनन्द शर्मा), विदेश मंत्रालय ने फरवरी 2007 में डोमिनिकन गणराज्य का दौरा किया।

3. राष्ट्रपति डॉ. लियोनेल फर्नांडीज रेयना के निमंत्रण पर विदेश राज्य मंत्री श्री डॉ. शशि थरूर ने 23 से 25 जनवरी, 2010 के दौरान डोमिनिकन गणराज्य का दौरा किया। इस यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति और विदेश मंत्री श्री कार्लोस मोरालेस के साथ व्यापक रूप से बातचीत हुई। राज्य मंत्री (शशि थरूर) ने भारत सरकार के सहयोग से डोमिनिकन गणराज्य में उत्कृष्टता के लिए एक केंद्र स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। अगस्त 2011 में राष्ट्रपति द्वारा केंद्र का उदघाटन किया गया। सी-डैक इंडिया ने दो साल तक तीन भारतीय संकाय सदस्यों के साथ केंद्र का संचालन किया।

4. डोमिनिकन गणराज्य राष्ट्रपति श्री डॉ. लियोनेल फर्नांडीज ने भारत का दौरा किया तथा 5 फरवरी, 2011 तक दिल्ली में आयोजित स्थायी विकास शिखर सम्मेलन में भाग लिया। भारत में अपने प्रवास के दौरान, प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री के साथ बैठक के अलावा, उन्होंने

भारतीय उद्योगपतियों के साथ मुलाकात की तथा मुम्बई, बंगलूरू तथा दिल्ली में फिक्की, भारतीय उद्योग परिसंघ (सी आई आई) आदि द्वारा आयोजित सेमिनार में भी भाग लिया। उन्होंने विश्व मामलों की भारतीय परिषद को भी सम्बोधित किया। उनके साथ एक उच्च स्तरीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी था।

5. विदेश राज्य मंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) वी के सिंह ने फरवरी 2015 में डोमिनिकन गणराज्य का दौरा किया। उन्होंने विदेश मंत्री नवारो से मुलाकात की, एल ए सी क्षेत्र के लिए भारत की नीति पर भाषण दिया और कारोबारी नेताओं से भी बातचीत की। नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग के लिए करार पर हस्ताक्षर किए गए।

**वाणिज्यिक संबंध :**

6. डोमिनिकन गणराज्य के साथ भारत का निर्यात कम है लेकिन अब इसमें बढ़ोतरी हो रही है। भारत की ओर से निर्यात की मुख्य वस्तुओं में सूती और रेडीमेड कपड़े, ड्रग्स एवं औषधियां, फर्नीचर, परिवहन उपकरण, धातु, रसायन, प्लास्टिक और लिनोलियम उत्पाद, चाय, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ और समुद्री उत्पादों के विनिर्माण शामिल हैं। वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान डोमिनिकन गणराज्य से भारी मत्रा में तम्बाकू, मोती, कीमती पत्थर, अर्ध कीमती पत्थर, गहने, सिक्के आदि का आयात किया गया है।

(मूल्य मिलियन अमरीकी डालर में)

| क्र. सं. | वर्ष | 2010-11 | 2011-12 | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **निर्यात** | 82.75 | 103.43 | 108.86 | 125.70 | 140.91 |
| 2. | **आयात** | 15.77 | 6.61 | 10.81 | 12.50 | 290.66 |
| 3. | **कुल व्यापार** | 98.53 | 110.04 | 119.67 | 138.20 | 431.57 |
| 4. | **व्यापार संतुलन** | 66.98 | 96.82 | 98.05 | 113.21 | |

स्रोत *:* वाणिज्य विभाग, वाणिज्य मंत्रालय

7. **आई टी ई सी :** आई टी ई सी कार्यक्रम के तहत, भारत सरकार 1999 से ही भारत में विभिन्न संस्थाओं में प्रशिक्षण के लिए डोमिनिकन गणराज्य के लिए हर साल 10 स्लॉटों की पेशकश कर रही है। संबंधों के सुदृढ़ीकरण के साथ, स्लॉटों के आबंटन तथा स्लॉटों के उपयोग दोनों में वृद्धि हुई है।

8. मार्च 2006 में डोमिनिकन गणराज्य के विदेश मंत्री को 50,000 अमरीकी डालर मूल्य की जीवन रक्षक दवाएं दान में दी गई। डोमिनिकन गणराज्य की सरकार द्वारा इस दान की काफी सराहना की गई। अक्टूबर - नवंबर 2007 में उष्ण कटिबन्धीय तूफान नोएल से डोमिनिकन गणराज्य में जान और माल को भारी क्षति पहुंची थी। डोमिनिकन गणराज्य की सरकार के आधिकारिक अनुरोध पर, भारत ने मानवीय सहायता के रूप में दवाओं का दान किया था।

**सांस्कृतिक संबंध :**

9. डोनिमिकल गणराज्य में एक शास्त्रीय नृत्य प्रतिनिधि ने कलामंडललम, केरला में मोहिनीअट्टम में एक कोर्स में भाग लेने के लिए 2002 में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आई सी सी आर) छात्रवृत्ति प्राप्त की। गांधी जी पर एक प्रदर्शनी लोनल काउंडेशन द्वारा मई, 2006 तथा सितंबर 2006 में कोलेजियो महात्मा गांधी में आयोजित की गई थी। डोमिनिकन गणराज्य से 15 व्यक्ति / व्यवसायी हैदराबाद में स्थित एक वी पी ओ कंपनी काम्पैक्ट के लिए काम कर रहे हैं। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद ने लिविंग आर्टस राजस्थानी नृत्य मंडली ने 2-7 अक्टूबर, 2008 में डोमिनिकन गणराज्य का दौरा किया। सरकार के स्तर पर यह पहली सांस्कृतिक यात्रा थी।

10. भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद द्वारा आयोजित केरल में 8 सदस्य मार्शल आर्ट समूह 'हिंदुस्तान कलारी संगम' ने 8 और 9 नवम्बर, 2010 को डोमिनिकन गणराज्य सरकार तथा डोमिनिकन सांस्कृतिक मंत्रालय के सहयोग से सैंटोडोमिंगों में 02 कार्य्रक्रमों का प्रदर्शन किया। अगस्त, 2012 में द्विपक्षीय सी ई ए पर हस्ताक्षर किए गए। अक्टूबर, 2013, मार्च तथा अक्टूबर, 2014 में सैंटो डोमिंगों में भारतीय फूड फेस्टिवल आयोजित किया गया। अप्रैल, 2014 मे डोमिनिकन गणराज्य टेलीविजन पर भारतीय फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया गया। फरवरी 2015 में डोमिनिकन गणराज्य में एक राजस्थानी लोक नृत्य समूह ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

**भारतीय समुदाय :**

11. वर्तमान में लगभग 50 भारतीय नागरिक तथा भारतीय मूल के लोग देश में रह रहे हैं। इनमें कारोबारी, मेडिकल कॉलेजों के छात्र शामिल हैं तथा अन्य इंजीनियर, साफ्टवेयर विशेषज्ञ या भारतीय कंपनियों के प्रतिनिधि के रूप में काम कर रहे हैं। डोमिनिकन गणराज्य में

पुत्थापंथी में साई बाबा के कई अनुयायी हैं। डोमिनिकन गणराज्य से भारत में आने वाले ज्यादातर लोग साई बाबा के भक्त होते हैं।

**उपयोगी संसाधन :**

भारतीय दूतावास, हवाना की वेबसाइट :
http://eoi.gov.in/havana
भारतीय दूतावास, हवाना का फेसबुक पेज :
https://www.facebook.com/indianembassyhavana
भारतीय दूतावास, हवाना का ट्विटर लिंक :
@EOIHavana

***

**जनवरी, 2016**